Tree Plantation

दिनांक 18 मई, 2023 को हिन्दू कन्या महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा हैबतपुर गाँव के शिव मंदिर में छायादार पेड़ों का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई ईको क्लब की संचालिका डॉक्टर सीमा दलाल द्वारा की गई। इस पौधारोपण गतिविधि के दौरान 52 छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें बस के द्वारा हैबतपुर गाँव में ले जाया गया। पौधारोपण के दौरान डॉक्टर सीमा दलाल ने बच्चों को पौधों के महत्व से अवगत करवाया। इस कार्यक्रम के दौरान हैबतपुर गाँव के सरपंच श्रीमान ऋषिपाल व अन्य ग्रामवासी भी मौजूद रहे। डॉक्टर सीमा दलाल ने सरपंच ऋषिपाल जी से अपील की कि भविष्य में इन पौधों की देखभाल की जाए और इसी कड़ी में गाँव के सरपंच ने आश्वासन दिलाया की जब भी आप दोबारा गाँव में किसी अन्य कार्य के लिए आएंगे, तो आपको ये पौधे सुरक्षित व हरे भरे मिलेंगे। सरपंच साहब व गाँव के लोगों ने हिन्दू कन्या महाविद्यालय की पौधारोपण जैसी सामाजिक गतिविधि की भरपूर प्रशंसा करते हुए सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉक्टर मुन्नी जागलान, श्रीमती रजनी, श्रीमान जसबीर काजल, संजू व राकेश माली मौजूद रहे।

Glimpses of the Event

छात्राओं ने हैबतपुर में किया पौधरोपण

- पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक : डा. सीमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा गांव हैबतपुर स्थित शिव मंदिर में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई क्लब संचालिका डा. सीमा ने की। 52 छात्राओं ने पौधरोपण किया और उन्हें पौधों के महत्व से अवगत करवाया। इस कार्यक्रम के दौरान हैबतपुर गांव के सरपंच रिषिपाल व अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। छात्राओं ने पौधों की देखभाल के लिए ग्रामीणों व सरपंच से अपील की। सरपंच रिषिपाल द्वारा छात्राओं को आश्वासन दिया गया कि जब भी आप दोबारा गांव में आएंगे तो आपको ये पौधे सुरक्षित व हरे-भरे मिलेंगे। डा. सीमा ने कहा कि पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। केवल पौधे लगाने से ही उनकी जिम्मेवारी खत्म नहीं हो जाती, उनकी समय पर देखभाल करने के साथ सिंचाई व गुडाई व उनमें पानी डालने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर डा. मुन्नी जागलान, रजनी, जसबीर काजल, संजू, राकेश आदि मौजूद रहे।

जींद। हैबतपुर में पौधरोपण करने आई छात्राएं। फोटो हरिभूमि